एक नजर में

## मोर्चा ने सिंधिया स्मृति पार्क में किया वृक्षारोपण

**गुना।** केंद्रीय दूरसंचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के जन्मदिन के उपलक्ष्य में भारतीय जनता युवा मोर्चा की ओर से विभिन्न सेवा कार्य आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में गल्ला मंडी स्थित श्रीमंत माधवराव सिंधिया स्मृति पार्क में भव्य स्वच्छता अभियान और वृक्षारोपण कर पर्यावरण को बचाने का भी संदेश दिया गया।

भाजयुमो और भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने स्मृति पार्क में एकत्रित होकर श्रमदान किया और स्वच्छता अभियान चलाया। इस दौरान पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेते हुए पार्क परिसर में 11 फलदार पौधों का रोपण भी किया गया। कार्यक्रम के समापन पर उपस्थित जनों को प्रसादी का वितरण किया गया। जिला मीडिया प्रभारी अंकुर श्रीवास्तव ने जानकारी दी कि केंद्रीय मंत्री सिंधिया के जन्मदिन को भारतीय जनता पार्टी के सभी मोर्चों द्वारा उत्सव के रूप में मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में युवा मोर्चा ने एक दिन पूर्व ही इन कार्यक्रमों की शुरूआत की है। 1 जनवरी को सिंधिया के जन्मदिन के मुख्य अवसर पर पूरे जिले में विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान, सेवा कार्य और सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम के दौरान मुख्य रूप से भाजपा जिला अध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह सिकरवार, भाजयुमो जिला अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह धाकड़, नगरपालिका उपाध्यक्ष धरम सोनी, शैलेंद्र रघुवंशी, नीरज निगम, जयदीप रघुवंशी, विनोद ओझा और विकास जैन सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# चाइनीज मांझे की चपेट में आई दूधिए की गर्दन, बाल-बाल बची जान

### सरकार दावे करते रह गई, गुना में एक भी कार्रवाई नहीं हुई



नवभारत न्यूज

**गुना। गुना शहर के ओवरब्रिज पर बुधवार सुबह एक हृदय विदारक हादसा हो गया। पतंग उड़ाने के लिए इस्तेमाल किए जा रहे खतरनाक और प्रतिबंधित चाइनीज मांझे की चपेट में आने से एक 31 वर्षीय युवक का गला गंभीर रूप से कट गया। घायल युवक को लहूलुहान हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी स्थिति चिंताजनक बनी हुई है।**

जानकारी सामने आई है कि ग्राम कुंदा निवासी लगभग 31 वर्षीय जेमा बंजारा बुधवार सुबह करीब 11:30 बजे अपने भाई और पत्नी के साथ मोटरसाइकिल पर सवार होकर गुना शहर में दूध देने आ रहे थे। जैसे ही उनकी बाइक शहर के ओवरब्रिज से गुजरी, अचानक हवा में उड़ता हुआ चाइनीज मांझा उनके गले में आकर फंस गया। इससे पहले कि जेमा कुछ समझ पाते धारदार मांझे ने उनकी गर्दन पर गहरा घाव कर दिया। अचानक हुए इस हादसे से मौके पर हड़कंप मच गया और जेमा सड़क पर ही गिरकर तड़पने लगे। उनके साथ मौजूद परिजनों और स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए उन्हें तुरंत जिला अस्पताल पहुंचाया।

स्थानीय लोगों में इस घटना को लेकर भारी आक्रोश है। जिला अस्पताल के डॉक्टरों के अनुसार, युवक की गर्दन पर काफी गहरा कट लगा है। फिलहाल उनका उपचार जारी है और अगले कुछ घंटे उनकी सेहत के लिए महत्वपूर्ण बताए जा रहे हैं।

**गुना में बिक रहा खूनी मांझा**

उधर, प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि शहर के व्यस्त इलाकों और सड़कों के आसपास बच्चे पतंग उड़ाते हैं, जिससे मांझा अक्सर सड़कों पर आ जाता है। सरकार द्वारा चाइनीज मांझे की बिक्री और उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है। इसके बावजूद, प्रशासन की ढिलाई के कारण बाजारों में यह 'खूनी मांझा' धड़ल्ले से बिक रहा है। पुलिस और प्रशासन की ओर से लगातार निगरानी के दावे किए जाते हैं, लेकिन धरातल पर स्थिति इसके उलट है। जेमा बंजारा के गले पर आए गहरे घाव ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि प्रतिबंधित मांझे की बिक्री पर रोक लगाने में प्रशासन नाकाम रहा है। समय रहते सख्त कार्रवाई न होने के कारण आमजन की जान लगातार जोखिम में बनी हुई है।

**प्रशासन ने एक भी कार्रवाई नहीं की**

गौरतलब है कि राज्य सरकार ने प्रदेश के कई शहरों में चाइनीज मांझे की सख्ती के साथ जब्ती करवाई है। लेकिन गुना शहर में अब तक ऐसी एक भी कार्रवाई नहीं हुई, जिसमें चाइनीज मांझा बेचने वाले या उपयोग करने वालों पर कार्रवाई हो। बुधवार को सामने आई घटना के दौरान भी पुलिस ने आसपास कोई तलाशी अभियान नहीं चलाया, जिससे पता चल सके कि खूनी मांझा आखिर कहां से आया था। हालांकि अनुमान लगाया जा रहा है कि ओवर ब्रिज के आसपास ही किसी इमारत पर बच्चे चाइनीज मांझे से पतंग उड़ा रहे होंगे और जेमा बंजारा इसकी चपेट में आ गया। फिलहाल जेमा की हालत गंभीर बनी हुई है।

**28 फरवरी तक रहेगा प्रतिबंध**

कलेक्टर द्वारा जारी आदेश के अनुसार चायनीज मांझे के विनिर्माण, भंडारण, विक्रय और उपयोग पर पूरी तरह रोक रहेगी। यह आदेश 31 दिसंबर 2025 से 28 फरवरी 2026 तक प्रभावी रहेगा। नियमों का उल्लंघन करने वाले दुकानदारों या व्यक्तियों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 और अन्य दंडात्मक प्रावधानों के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### हादसे के बाद खूनी मांझे पर सर्जिकल स्ट्राइक

शहर में बुधवार को चायनीज मांझे के कारण हुई एक गंभीर घटना के बाद प्रशासन पूरी तरह हरकत में आ गया है। पशु-पक्षियों और मानव जीवन के लिए बड़ा खतरा बन चुके इस खूनी मांझे पर लगाम कसने के लिए कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट डॉ. किशोर कुमार कन्याल ने सख्त रुख अपनाते हुए जिले में इसके उपयोग, भंडारण और विक्रय पर तत्काल प्रभाव से पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया है। पतंगबाजी के शौकीनों द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले नायलॉन और कांच लेपित (चायनीज) मांझे से लगातार हो रहे हादसों के बीच बुधवार को हुई एक दुखद घटना ने प्रशासन को सोचने पर मजबूर कर दिया। इसी के परिणाम स्वरूप कलेक्टर ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163(1) के तहत जिले की संपूर्ण राजस्व सीमा में यह प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया है।



## राष्ट्रीय बॉक्सिंग में मणिपुर का जलवा, ओइनाम बने बेस्ट बॉक्सर

**गुना। शहर के उत्कृष्ट विद्यालय प्रांगण में आयोजित 69वीं राष्ट्रीय बॉक्सिंग अंडर-14 बालक वर्ग प्रतियोगिता का बुधवार को समापन हो गया। इस प्रतियोगिता में पूर्वोत्तर राज्य मणिपुर के खिलाड़ियों ने अपने शानदार प्रदर्शन से सबका दिल जीत लिया। विशेष रूप से मणिपुर के मैतेई समुदाय के मुक्केबाज ओइनाम स्पर्धा के सबसे बड़े सितारे बनकर उभरे हैं।**

प्रतियोगिता के अंतिम दिन मणिपुर का दबदबा देखते ही बना। मणिपुर के ओइनाम ने न केवल अपने वजन वर्ग (44-46 किलो) में स्वर्ण पदक जीता, बल्कि उनके तकनीकी कौशल और फुर्ती को देखते हुए उन्हें प्रतियोगिता का 'बेस्ट बॉक्सर' घोषित किया गया। वहीं, मणिपुर के ही इरोम विश्वास ने रजत पदक जीतकर खेल जगत में इस छोटे से राज्य की शक्ति का लोहा मनवाया। फाइनल के कुल 11 कड़े मुकाबलों में देश के विभिन्न राज्यों के खिलाड़ियों ने स्वर्ण पदक हासिल किए। मध्य प्रदेश के संतोष अर्गल और अजीत सोलंकी को बेस्ट जज एवं रेफरी का अवार्ड दिया गया।

**विधायक ने फिर दी हिदायत**

समापन समारोह के मुख्य अतिथि गुना विधायक पन्नालाल शाक्य ने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत करते हुए जीवन में सफलता के मंत्र दिए। उन्होंने कहा कि खिलाड़ी केवल पदक के लिए नहीं, बल्कि अपने देश 'भारत' के लिए खेलें। अपने संबोधन में विधायक ने स्वदेशी आदर्शों पर जोर देते हुए कहा, ब्रूस ली को अपना आदर्श न मानें, बल्कि जामवंत और बाली जैसे भारतीय चरित्रों से सीखें, जो चुटकी बजाते ही दुश्मन को धूल चटा देते थे। उन्होंने दारा सिंह का उदाहरण देते हुए खिलाड़ियों से अपने गुरुओं का सम्मान करने की अपील की और कहा कि जब खिलाड़ी भारतीय मूल्यों के साथ खेलेंगे, तभी भारत दुनिया की अग्रिम पंक्ति में खड़ा होगा। राष्ट्रीय स्तर की इस प्रतियोगिता के सफल आयोजन ने गुना को खेल मानचित्र पर एक नई पहचान दी है। समापन अवसर पर बड़ी संख्या में खेल प्रेमी, प्रशिक्षक और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे, जिन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।




# सेवा कार्यों के साथ मनेगा ज्योतिरादित्य सिंधिया का जन्मदिन

नवभारत न्यूज

**गुना। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया का जन्मदिन 1 जनवरी को पूरे शहर में सेवा और समर्पण के भाव के साथ मनाया जाएगा। नगर पालिका अध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता ने कार्यक्रमों की रूपरेखा साझा करते हुए बताया कि विकास के मसीहा और जन-नायक सिंधिया का जन्मदिन प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी जनसेवा के विभिन्न प्रकल्पों के साथ आयोजित किया जा रहा है।**



उत्सव की शुरूआत गुरुवार प्रात: 9:00 बजे नजूल कॉलोनी स्थित वार्ड क्रमांक 18 के नवीन पार्क से होगी, जहाँ इस पार्क का नामकरण कैलाशवासी राजमाता विजयराजे सिंधिया के नाम पर किया जाएगा। इस दौरान परिसर में व्यापक स्तर पर पौधारोपण भी किया जाएगा।

सेवा के इन कार्यक्रमों की कड़ी में प्रात: 10:00 बजे कैंट स्थित गौशाला में गौ-सेवा का कार्यक्रम आयोजित होगा, जहाँ गायों को गुड़ और हरा चारा खिलाया जाएगा। इसके पश्चात प्रात: 10:45 बजे जिला चिकित्सालय परिसर स्थित सेवा भारती के अन्नपूर्णा भोजनालय में जरूरतमंदों और मरीजों के परिजनों को भोजन प्रसादी का वितरण किया जाएगा। दोपहर 12:00 बजे कंचनपुरा की गरीब बस्ती में ठंड के प्रकोप को देखते हुए असहाय लोगों को कंबल वितरित किए जाएंगे, जिससे उन्हें कड़ाके की सर्दी में राहत मिल सके। दिनभर चलने वाले इन सेवा कार्यों का समापन शाम 6:00 बजे वृद्धाश्रम में होगा, जहाँ बुजुर्गों को ससम्मान भोजन कराकर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया जाएगा। नगर पालिका अध्यक्ष सविता गुप्ता ने शहर के सभी सम्माननीय पार्षदों, भाजपा के वरिष्ठ नेताओं, कार्यकताओं और प्रबुद्ध नागरिकों से इन समस्त सेवा कार्यक्रमों में उत्साहपूर्वक शामिल होने की अपील की है।


